# बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका)
# राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहार

बिहार सरकार

# सामुदायिक समन्वयक पद के लिए 3500 रिक्तियाँ

**''जीविका''** बिहार सरकार द्वारा गरीबी उन्मूलन हेतु एक महत्त्वाकांक्षी प्रयास है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय विशेषकर गरीब तबके के लोगों को उनके जीविकोपार्जन के लिए समुचित अवसर उपलब्ध कराना है। बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति द्वारा ''जीविका'' को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बिहार के 38 जिलों के कुल 534 प्रखंडों में चरणबद्ध तरीके से विस्तारित किया जाना है। दस साल की अवधि में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 1.25 करोड़ लक्षित ग्रामीण परिवारों को लगभग 10 लाख स्वयं सहायता समूहों, 65000 ग्राम संगठनों एवं 1600 संकुल स्तरीय परिसंघों में संगठित कर विभिन्न माध्यमों से उनकी आजीविका को सुदृढ़ करने का लक्ष्य है। कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं विस्तार के लिए सामुदायिक समन्वयक पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**सामुदायिक समन्वयक पद हेतु आवेदन करने की अर्हता निम्नानुसार हैः-**

**पुरुष अभ्यर्थी जो किसी भी विषय में न्यूनतम स्नातक हों, वे आवेदन कर सकते हैं।**
**महिलाएँ, जिन्होंने कम से कम मैट्रिक अथवा उससे अधिक की शिक्षा सफलतापूर्वक प्राप्त की है, आवेदन कर सकती हैं।**
**इस पद के लिए दिनांक 21.11.2012 तक न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु पुरुष-अनारक्षित 37 वर्ष, पिछड़ा/अति पिछड़ा-40 वर्ष, महिलाएँ-अनारक्षित/अति पिछड़ा-40 वर्ष एवं अनुसूचित जाति/जनजाति (पुरुष/महिला) के लिए 42 वर्ष है।**

**कार्य स्वरूपः-** सामुदायिक समन्वयकों को समुदाय के साथ मिलकर गाँवों के गरीबों को चिह्नित करने, उन्हें स्वयं सहायता समूहों के रूप में संगठित कर उनके क्षमतावर्द्धन व वित्तीय संस्थानों/बैंको के साथ जोड़ कर विभिन्न माध्यमों से उनके आजीविका संवर्धन एवं विकास का कार्य करना होगा। चयनित अभ्यर्थियों को कुल मासिक वेतन (सभी भत्ते सहित) **7900** रुपये देय होगा (पुनरीक्षण संभावित)। इसके अलावा कार्य उपलब्धि/मूल्यांकन के आधार पर वार्षिक प्रोत्साहन वेतन (मूल वार्षिक वेतन का 0-15%), वार्षिक वेतन वृद्धि 5%, चिकित्सा व दुर्घटना बीमा एवं अन्य लाभ समिति के प्रावधानानुसार लागू होगा।

## आवेदन कैसे करें (आवश्यक निर्देश):-

1. आवेदन प्रपत्र **http://jobs.brlps.in** पर ऑनलाइन **(Online)** पंजीकरण के पश्चात् ही उपलब्ध होंगे जिन पर विशिष्ट पंजीकरण संख्या **(unique registration number)** अंकित होगी। अभ्यर्थी सुविधानुसार ऑनलाइन (Online) या ऑफलाइन (Offline) आवेदन भर सकते हैं। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आवेदन प्रपत्र भरने से पूर्व आवेदन पत्र पर दिए गए निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ कर समझ लें।
2. ऑफलाइन **(Offline)** आवेदन भरने के लिए **http://jobs.brlps.in** पर ऑफलाइन विकल्प **(Option)** चुनें, पंजीकरण के पश्चात् आवेदन प्रपत्र मुद्रित कर निर्देशानुसार प्रक्रिया से निम्नांकित पते पर निर्धारित समय/तिथि तक भेजना सुनिश्चित करें।
3. आवेदन पत्र के तीन भाग **'अ, ब, एवं स' (Part - A, B, & C)** हैं। अभ्यर्थी निर्देशानुसार आवेदन प्रपत्र भरने के पश्चात् **भाग 'अ' (Part 'A')** की मूल प्रति, **भाग 'ब' (Part 'B')** की छायाप्रति, एवं **भाग 'स' (Part 'C')** की स्वहस्तलिखित मूल प्रति अपनी उच्चतम शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र किसी राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित करा कर अपनी नवीनतम रंगीन तस्वीर के साथ **TMI Network, Career Center, PG Road, SECUNDERABAD- 500003** के **पते पर दिनांक 21.11.2012 सायं 5.00 बजे तक भेजना सुनिश्चित करें।**
4. अभ्यर्थी सुविधानुसार साधारण डाक, स्पीड पोस्ट या कुरियर द्वारा आवेदन प्रेषित कर सकते हैं।
5. आवेदन का लिफाफा पूर्ण रुप से सील तथा इसके ऊपर स्पष्ट व बड़े अक्षरों में **आवेदित पद का नाम, उसका कोड, आवेदन संख्या, कोटि (UR, EBC, BC, SC, ST) एवं पता** अवश्य अंकित/लिखित होना चाहिए।
6. अपूर्ण आवेदन पत्र, अपठनीय प्रविष्टि, हस्तलिखित प्रश्नावली का गैर प्रासंगिक उत्तर, अस्वच्छ व अस्पष्ट तस्वीर **(Photograph)** अथवा आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति नहीं पाए जाने एवं विलम्ब से पहुंचे आवेदन की दशा में आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन पत्र के साथ जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र नहीं पाये जाने की दशा में अभ्यर्थी अनारक्षित कोटि के समझे जायेंगे।
7. आवेदक अपने आवेदन पत्र की स्थिति की जानकारी वेबसाइट **http://jobs.brlps.in** अथवा दूरभाष संख्या - **040-66588171** पर किसी कार्य दिवस को पूर्वाह्न 10.00 से अपराह्न 6.00 बजे के बीच प्राप्त कर सकते हैं।
8. आवश्यक पात्रता रखने वाले आवेदक वेबसाइट/आवेदन प्रपत्र में दिए गए निर्देशानुसार ही आवेदन करें। किसी भी चरण में आवेदक द्वारा दिए गए तथ्य/तथ्यों के गलत पाये जाने की स्थिति में उनकी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त कर दी जाएगी।

## चयन प्रक्रियाः-

1. समिति के प्रावधानानुसार इन रिक्तियों पर इंटर्नशिप (Internship) मॉडल आधारित चयन प्रक्रिया के माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है।
2. चयन प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों की जाँच उनके द्वारा भरे गये विवरण तथा संलग्न दस्तावेजों के आधार पर की जाएगी एवं योग्य अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में शामिल होने हेतु बुलाया जाएगा।
3. लिखित परीक्षा में सामान्य ज्ञान, गणित एवं तार्किक योग्यता से संबधित विषयों पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे।
4. इसके पश्चात् लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को अगली चयन प्रक्रिया इंटर्नशिप (Internship) मॉडल के अंतर्गत 45 दिनों तक ग्रामीण क्षेत्र में रहते हुए परियोजना विषयक कार्य करने होंगे।
5. कार्य का निर्धारित समय अंतराल पर मूल्यांकन किया जाएगा और अंत में इसकी समग्र प्रस्तुति अभ्यर्थियों द्वारा की जाएगी। इसके बाद ही अंतिम चयन सूची बनाई जाएगी ।
6. चयन के लिए निर्धारित मापदंड पूर्ण रुप से इंटर्नशिप (Internship) अवधि के दौरान दर्शाये गए व्यवहार, संतोषजनक कार्य संपादन, कार्य के प्रति रुचि तथा परियोजना के लक्षित समुदाय के प्रति संवेदनशीलता पर आधारित होंगे।
7. **इंटर्नशिप (Internship) अवधि के दौरान रहने एवं खाने हेतु अभ्यर्थियों को कुल 5400 रुपये Stipend के रुप में दिये जाएँगें जो पूरे 45 दिनों के लिए होगा।**
8. इंटर्नशिप अवधि के सफलतापूर्वक संम्पन्न करने एवं निर्धारित मापदंडों के आधार पर मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरने के बाद अंतिम रुप से चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित अनुबंध के आधार पर सामुदायिक समन्वयक पद पर नियुक्त किया जाएगा।
9. उपर्युक्त रिक्तियों पर चयनित अभ्यर्थियों का योगदान आवश्यकतानुसार विभिन्न चरणों में लिया जायेगा।
10. आवेदकों को चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई यात्रा खर्च/भत्ता देय नहीं होगा।
11. **उपर्युक्त पदों के लिए बिहार सरकार द्वारा लागू आरक्षण नीति अनुमान्य होगी।**

Sutra Consulting –TMI (Consortium) एक स्वतंत्र प्रोफेशनल एजेंसी है, जिसे जीविका (बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति) द्वारा संचालित परियोजनाओं के विभिन्न पदों पर योग्य अभ्यर्थियों के चयन हेतु नियुक्त किया गया है।

**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी**
बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति